# प्रेरणा सूची - हिंदी (कक्षा 2)

| विषय | | दक्षताएँ |
|---|---|---|
| **सुनकर समझना और प्रतिक्रिया देना** | 1 | ग्रेड 2 के स्तर की कहानियों और कविताओं का आदर्श वाचन होते हुए सुनकर समझ लेता/लेती है |
| | 2 | स्पष्ट तौर पर कहे गए मुख्य विचारों, पात्रों और घटनाओं को स्मृति के आधार पर बता सकता/सकती है तथा आदर्श वाचन किये गए पाठ से (व पाठ के परे) सरल निष्कर्ष निकाल सकता/सकती है (ग्रेड 2 के स्तर का पाठ) |
| **मौखिक शब्दावली** | 3 | ग्रेड 2 के पाठ में इस्तेमाल किये गए टायर/स्तर-2 के शब्दों को समझते हैं जैसे- ईमानदारी, उदारता तथा इनमें से कुछ का अपने जवाबों में इस्तेमाल कर सकता/सकती है |
| **मौखिक अभिव्यक्ति व वर्णन** | 4 | घर की भाषा में अपनी सोच, विचारों व राय को मौखिक तौर पर व्यक्त करता/करती है तथा पात्रों व कथानक के बारे में प्रश्न पूछता/पूछती है। |
| | 5 | चित्रों के माध्यम से किसी कहानी को घर की भाषा में हाव-भाव व शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए सुना सकता/सकती है तथा तथ्यों को हिन्दी के सरल वाक्यों में पुनः बता सकता/सकती है। |
| **ध्वनियों में जोड़-तोड़ कर पाना** | 6 | बहु-अक्षरीय शब्दों की ध्वनियों को जोड़-तोड़ सकता/सकती है |
| **वर्ण पहचान** | 7 | ग्रेड 2 के पाठ्यक्रम में सम्मिलित सभी वर्णों और अक्षरों तथा संयुक्ताक्षरों को पहचान लेता/लेती है |
| **शब्द पहचान/पढना** | 8 | ग्रेड 2 के अंत तक सिखाये गए वर्णों और अक्षरों (3 या उससे अधिक वर्ण या अक्षर) से बने परिचित शब्दों को उचित गति और शुद्धता के साथ पढ़ सकता/सकती है |
| **मौखिक पठन प्रवाह** | 9 | अपने ग्रेड के स्तर के 7-10 वाक्यों (50- 60 शब्द) से बने पाठ्यांश को उचित या ठीक-ठाक प्रवाह व शुद्धता के साथ पढ़ सकता/सकती है |
| **पढ़कर समझना** | 10 | ग्रेड 2 के स्तर के पाठ (कविता, कहानी व सरल जानकारीपरक पाठ) को समझते हुए पढ़ सकता/सकती है व साथ में शब्दों के अर्थ भी जानता है और सरल निष्कर्ष भी निकाल सकता/सकती है |
| | 11 | पाठ में से कही गयी जानकारी को ढूंढ कर सरल निषकर्ष के आधार पर छूटी हुई जानकारी को निकालना। उदहारण के लिए, विजय के पास लाल हैट, नीला कोट, और पीले मोज़े थे - हैट का रंग क्या था ? इसी के साथ घटनाओं के सन्दर्भ में किसी पात्र की मंशाओं व कारणों के बारे में निष्कर्ष निकाल सकता/सकती है। |
| | 12 | घर की भाषा में सरल शब्दों में कहानी पुनः सुना सकता है और हिन्दी में भी प्रयास कर्ता/करती है |
| **लेखन** | 13 | डिकोडिंग की गतिविधि के तौर पर शब्द लिख सकता/सकती है। संरचनाबद्ध लेखन गतिविधि के तौर पर शब्द व सरल वाक्य लिख सकता/सकती है (उदहारण के लिए, इस तरह के प्रश्नों पर प्रतिक्रिया देते हुए जैसे, गाँव का नाम क्या था?; बिल्ली चूहे के पीछे क्यों भागी ? |
| | 14 | किसी चित्र या अनुभव पर 2-3 वाक्य सही-सही लिख लेता/लेती है |

